नामांक Roll No.

207797

# UP-01-Hindi

No. of Questions – 25
No. of Printed Pages – 4

## प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा, 2019

## कक्षा – 8

## हिन्दी

समय : 2.30 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

*(5) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें ।*

निर्देश : सही उत्तर का चयन कीजिए ।

1. जैसलमेर की राजकुमारी का नाम था – 1

(क) रत्नावती (ख) कलावती

(ग) पद्मावती (घ) कर्मावती

2. महाराजा दिलीप ने किस गाय की सेवा की ? 1

(क) कामधेनु (ख) गोरा

(ग) नंदिनी (घ) रंभा

3. "देखि सुदामा की दीन दसा, करुणा करिके करुणानिधि रोये ।" पंक्ति में करुणानिधि शब्द किसके लिए आया है ? 1

(क) सुदामा के लिए (ख) श्रीकृष्ण के लिए

(ग) द्वारपाल के लिए (घ) बलराम के लिए

4. दौलत प्राप्त होने पर भी क्या नहीं करना चाहिए ?

(क) दूसरों का सम्मान

(ख) विनयपूर्ण व्यवहार

(ग) अभिमान

(घ) दूसरों की सहायता

5. राम को सागर से मार्ग माँगते कितने दिन बीत गए ?

(क) दो दिन

(ख) तीन दिन

(ग) चार दिन

(घ) पाँच दिन

6. संत कँवरराम ने सोरठ राग क्यों गाया ?

(क) वर्षा रोकने के लिए

(ख) वर्षा कराने के लिए

(ग) गरीब महिला के पुत्र को स्वस्थ करने के लिए

(घ) गाँव वालों को धनवान बनाने के लिए

7. निम्न में से 'बादल' का पर्यायवाची शब्द है :

(क) जलधि

(ख) जलद

(ग) जलज

(घ) जलीय

8. 'राणा प्रताप साहस के धनी थे ।' वाक्य में प्रयुक्त 'साहस' शब्द है :

(क) संज्ञा

(ख) सर्वनाम

(ग) क्रिया

(घ) विशेषण

**निर्देश :** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

9. गाय से प्राप्त द्रव्य 'पंचगव्य' के नाम से जाने जाते हैं । उनके नाम लिखिए ।

10. 'अपराजिता' पाठ के आधार पर बताइए, डॉ. चन्द्रा को पक्षाघात कैसे हुआ ?

11. श्रीकृष्ण ने भक्त प्रहलाद की रक्षा कैसे की ?

12. कौरवों ने पाण्डवों को कायर किस कारण समझा ? 'शक्ति और क्षमा' पाठ के आधार पर बताइए ।

13. दिए गए मूल शब्दों में उपयुक्त प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाइए : 2

(क) महान (ख) लिख

14. निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए : 2

(क) वह (ख) तुम

(ग) मैं (घ) यह

निर्देश : लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. सड़क पर चलते समय आपके द्वारा अपनाई जाने वाली चार सावधानियाँ बताइए । 4

16. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 4

(क) लाल–पीला होना (ख) नौ–दो ग्यारह होना

17. 'मेरे लिए यह एक तीर्थ स्थल है ।' माँडले जेल के लिए सुभाष चन्द्र बोस के इस कथन को सिद्ध कीजिए । 4

18. यदि आप सुभागी के स्थान पर होते तो अपने कर्ज को कैसे उतारते ? 4

19. "बसो मेरे नैनन में नंदलाल ।" पंक्ति के आधार पर मीरा श्रीकृष्ण के किस रूप को अपनी आँखों में बसाना चाहती है ? 4

20. कवि गिरधर के अनुसार सदा लाठी को साथ में क्यों रखना चाहिए ? 4

21. आपके ग्राम में 'स्वच्छ भारत मिशन' का क्या प्रभाव पड़ा ? 4

22. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

संत कँवरराम का व्यक्तित्व और कृतित्व जीवन में प्रेरणास्पद रहा है । उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन गरीबों, अपाहिजों व विधवाओं की सेवा में लगा दिया । अनाथ और बेसहारा बालिकाओं की शादी करवाने के लिए जीवन पर्यंत सार्थक प्रयास किए । संत कँवरराम के उन्हीं भगीरथ प्रयासों का परिणाम है कि आज भी उनकी प्रेरणा से बड़ी संख्या में विद्यालय, अस्पताल, धर्मशालाएँ, विधवा–विवाह और अनाथ बालक–बालिकाओं को संबलन देने के धर्मार्थ कार्य में हजारों लोग जुड़कर समाजोत्थान का कार्य कर रहे हैं ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 2

(ख) किस संत का व्यक्तित्व और कृतित्व प्रेरणास्पद रहा है ? 2

(ग) संत कँवरराम ने अपना जीवन किस कार्य में लगा दिया ? 2

(घ) संत कँवरराम के कार्यों का क्या परिणाम रहा ? 2

23. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8

सब विपक्ष में था उसके
बस, सत्य पक्ष में था उसके,
समझौता उसने नहीं किया
जाने क्या मन में था उसके ।
वह सत्यपथी, वह सत्यकृती,
वह तेजपुंज, वह महाधृती,
वह शौर्यपुंज, भू की थाती
वह महामानव, वह महाव्रती ।

अथवा

"सीस पगा न झगा तन पै प्रभु,
जाने को आहि, बसै केहि ग्रामा ।
धोती फटी-सी लटी दुपटी अरु,
पाँव उपानहुँ की नहीं सामा ।
द्वार खड़ो द्विज दुर्बल एक,
रह्यो चकि सो वसुधा अभिरामा ।
पूछत दीनदयाल को धाम,
बतावत आपनो नाम सुदामा ।

24. अपने आपको उदयपुर निवासी राहुल शर्मा मानते हुए अपने मित्र जयपुर निवासी गौरव को उदयपुर के दर्शनीय स्थलों की जानकारी देते हुए आमंत्रण-पत्र लिखो । 8

अथवा

आप कक्षा 8 की विद्यार्थी आशा कुमारी हैं । अपने प्रधानाध्यापक को पुस्तकालय से पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए ।

25. निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : 8

(क) जल संरक्षण
(ख) कम्प्यूटर का महत्त्व
(ग) बालिका शिक्षा
(घ) बाल विवाह : एक अभिशाप